an>

Title: Need to provide funds as a share of Union Government towards construction of Aanganwadi Centres in urban areas in Banswara Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) : मैं माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा (राजस्थान) में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण से संबंधित विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना के अंतर्गत साथ मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख रूपए प्रति आंगनबाड़ी के हिसाब से भुगतान कर आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण करवाया जा रहा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोज़गार गारंटी योजना संचालित न होने के कारण इतनी धनराशि में आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण करवाया जाना संभव नहीं है। पूरे राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों से संचालित हैं। शहरी क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु सात लाख रूपए प्रति आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण लागत के अनुसार राजस्थान सरकार द्वारा भारत सरकार को केंद्रीय अंश स्वीकृत करने हेतु पूर्व में अनुरोध किया गया है।

मेरा माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा (राजस्थान) के शहरी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु सात लाख रूपए प्रति आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण लागत के अनुसार केंद्रीय अंश स्वीकृत करने की कृपा करें।